मेरे साँई मेरे बाबा प्रभू इतना करम करदो

मेरे साँई मेरे बाबा,
प्रभू इतना करम करदो,
रहमत से तुम अपनी,
झोली मेरी भर दो।bd।

तर्ज – बचपन की मोहब्बत को।

जीवन मेरा सूना है,
घट मे है अँधियारा,
बिन तेरी दया बाबा,
हो कैसे उजियारा,
आकर तुम घर मेरे,
प्रभू चरण कमल रख दो,
रहमत से तुम अपनी,
झोली मेरी भरदो।bd।

तेरे दर की महिमा तो,
साँई जग मे निराली है,
जो भी आए दर पर,
जाता नही खाली है,
इस दास पे भी अपने,
थोड़ी सी दया करदो,
रहमत से तुम अपनी,
झोली मेरी भरदो।bd।

मेरी उमर है छोटी सी,
तेरा द्वार है दूरी पे,
कैसे आऊँ बाबा,
मेरी मजबूरी है,
मेरी राहो को साँई,
आसान जरा करदो,
रहमत से तुम अपनी,
झोली मेरी भरदो।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
मेरे साँई मेरे बाबा,

प्रभू इतना करम करदो,
रहमत से तुम अपनी,
झोली मेरी भर दो।bd।

– भजन लेखक एवं प्रेषक –
श्री शिवनारायण वर्मा,
मोबा.न.8818932923

वीडियो उपलब्ध नहीं।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com